एक नजर में

भगवानजी का आंगी अर्पण महोत्सव आज से

उज्जैन। नाकोड़ा दरबार मंडल लालबाग मुम्बई शाखा उज्जैन द्वारा आयोजित दो दिवसीय श्री अवंती पार्श्वनाथ भगवानजी का आंगी अर्पण महोत्सव आज 17 जनवरी से प्रारंभ होगा। आज शनिवार को मनोरमा गार्डन अरविंद नगर में महोत्सव का शुभारंभ भव्य भक्ति हालो रे हालो उज्जैन हालको के साथ होगा। जिसमें युवा संगीतकार वैभव सोनी नाथद्वारा के पार्श्वनाथ भगवान ओर नाकोड़ा भैरूजी की भक्ति करेंगे। 18 जनवरी को सुबह 9 बजे भव्यातीभव्य वरघोड़ा ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी ट्रस्ट केसरिया तीर्थ खाराकुआं से प्रारंभ होकर दानीगेट श्री अवंती पार्श्वनाथ मंदिर पर पहुंचेगा। यहां सम्पूर्ण लाभार्थियों द्वारा बनाई गई भगवान अवंती पार्श्वनाथ भगवान की चांदी की आंगी अर्पण की जाएगी। सुनील जैन, रूपेश नाहर, नेमीचंद जैन ने बताया कि नवरत्नसागरसूरिश्वर के दिव्य आशीष, चन्द्राननसागरसूरिश्वर के पावन आशीर्वाद, मणिप्रभसागर सूरिश्वरके शुभ आशीष से आयोजित अंगी अर्पण कार्यक्रम अंतर्गत श्री पार्श्व भैरव भक्ति और रथयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, नाकोड़ाजी तीर्थ के ट्रस्टी कांतिलाल पुखराज शाह, भाजपा उपाध्यक्ष मुंबई रेखा बेन, साथ ही नाकोड़ा दरबार मंडल लालबाग मुंबई के संस्थापक अध्यक्ष मनोज भाई शोभावत सहित पदाधिकारी सदस्य भी उपस्थिति रहेंगे। नरेंद्र जैन दलाल, संजय जैन खलीवाले, निहाल जैन, गौतम संघवी ने सभी नाकोड़ा भक्तों से निवेदन किया है कि 17-18 जनवरी को कार्यक्रम में पधारकर जिन शासन की शोभा में अभिवृद्धि करें समस्त उज्जैनवासी पधारकर भक्ति करें।

हितग्राहियों को लाभ वितरित किया

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप सुशासन एवं स्वराज के लिए प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य के अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, तहसील एवं जिला स्तर पर उसके पात्रता प्राप्?त हितग्राहियों तक समय सीमा में पहुंच सके इसलिए प्रदेश भर में संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ हो गया है। यह अभियान आगामी 31 मार्च तक चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य है कि हर पात्र व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं (जैसे किसान कल्याण, लाड़ली बहना, वृद्धापेंशन, आवास आदि) का समय पर लाभ मिल सके। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में संकल्प से समाधान अभियान का क्रियान्वयन तीव्र गति से किया जा रहा है। जिले में अभियान के पहले चरण (12 जनवरी से 15 फरवरी) में पंचायत स्तर के अमले द्वारा घर-घर जाकर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। साथ ही हितग्राहियों से आवेदन एकत्रित कर उन्हें शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी भी प्रदान की जा रही है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को जनपद पंचायत खाचरौद की ग्राम पंचायत भीखमपुर में डोर-टू-डोर सर्वे कर हितग्राहियों को लाभ वितरित किया गया। जनपद पंचायत महिदपुर के ग्राम पंचायत झारडा में गठित दल द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे कर हितग्राहियों से शासकीय योजनाओं के आवेदन लेकर निराकृत किए गए।

जिले में 567 नवीन पात्रता पर्ची जारी

उज्जैन। जिला आपूर्ति नियंत्रक शालू वर्मा ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत एम राशन पोर्टल पर सत्यापित पात्र हितग्राहियों की आधार ई केवाईसी सत्यापन उपरांत शासन से 567 नवीन पात्रता पर्ची जारी की गई है। अनुविभाग बडनगर 130, तराना 75, खाचरौद 109, महिदपुर 110, उज्जैन शहर 60, घट्टिया 25, उज्जैन ग्रामीण 43, नागदा 15 इस प्रकार कुल 567 नवीन पात्र परिवारों को नवीन पात्रता पर्ची जारी की गई है। संबंधित पात्र हितग्राही स्थानीय नगरीय निकाय/ग्राम पंचायत, खाद्य कार्यालय से सम्पर्क कर अपनी नवीन पात्रता पर्ची प्राप्त कर आगामी माह से राशन प्राप्त कर सकते है। इसी प्रकार जिन परिवारों ने ऑनलाईन पोर्टल पर नवीन पात्रता पर्ची हेतु आवेदन स्वीकृत कराया था, परन्तु आज दिनांक तक ई केवाईसी नहीं कराई है, से अनुरोध है कि अपनी नजदीकी उचित मूल्य दुकान अथवा स्थानीय निकाय से सम्पर्क कर पौस मशीन में सभी सदस्यों की ई केवाईसी कराये, जिससे उन्हें अति शीघ्र नवीन पात्रता पर्ची जारी किया जाना संभव हो सकें। नवीन पात्र परिवार नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत, खाद्य कार्यालय, उचित मूल्य दुकान से सम्पर्क कर पात्रता पर्ची प्राप्त करें।

श्री के श्रमिकों की बैठक 18 जनवरी को

उज्जैन। श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस के संयोजक एवं श्री सिंथेटिक्स क्रेडिट को आपरेटिव के संचालक प्रकाश सोलंकी के अनुसार श्री के श्रमिकों, सटॉफ सदस्यों, ठेका कर्मचारियों की आवश्यक बैठक शहीद पार्क फ्रीगंज, उज्जैन पर 18 जनवरी रविवार को मध्यान्ह 12 बजे आहुत की गई है। जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय में 9 जनवरी की पेशी की जानकारी दी जाएगी व म.प्र.उच्च न्यायालय में कर्मचारी राज्य बीमा की याचिका के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। श्री श्रमिकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज कराकर बैठक को सफल बनावें। रामचन्द्र चैधरी, अमरसिंह गेहलोत, शीतलप्रसाद राठौर, राजेश समेले, रंजीत बोड़ाना जैना आदि लोगों ने बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

बेलगाम दौड़ती यात्री बसों पर आरटीओ का शिकंजा, 50 बसों पर कार्रवाई

नियम तोड़ने वाली स्लीपर बसों पर कार्रवाई, दर्जनों बसें बंद, आरटीओ ने 40 बसों पर की कार्रवाई, फिटनेस, परमिट में गड़बड़ी, बस संचालकों पर गाज

उज्जैन। जिले की सड़कों पर नियम-कायदों को ताक पर रखकर बेलगाम दौड़ रहीं यात्री बसों के खिलाफ क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ने सख्त रुख अपनाया है। यात्रियों की जान जोखिम में डालकर संचालित हो रही स्लीपर और यात्री बसों पर रोक लगाने के उद्देश्य से आरटीओ द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आईं और कठोर कार्रवाई की गई।

आरटीओ के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान उज्जैन जिले में संचालित 189 स्लीपर यात्री

बसों की गहन जांच की गई। जांच में सामने आया कि कई बसें मोटरयान अधिनियम, केंद्रीय मोटरयान नियम तथा IS मानकों का खुला उल्लंघन कर सड़कों पर दौड़ रही थीं। बस बॉडी निर्माण में तय मानकों का पालन नहीं किया गया, वहीं फिटनेस, परमिट और पंजीयन से जुड़े नियमों की भी अनदेखी की गई। विशेष चैकिंग अभियान के दौरान आरटीओ ने नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 10 स्लीपर बसों का पंजीयन निलंबित किया। 30 स्लीपर बसों की फिटनेस निरस्त की, 10 स्लीपर बसों के परमिट निलंबित किए। आरटीओ ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। नवभारत से चर्चा में आरटीओ संतोष मालवीय ने बताया कि नियमों की अनदेखी कर चलने वाली बसें न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि आम जनता की जान के साथ भी खिलवाड़ हैं। ऐसे में सख्त कार्रवाई जरूरी है ताकि बस संचालक नियमों का पालन करें और सड़क हादसों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

लगेज की आड़ में यात्रियों की जान से खिलवाड़

जांच के दौरान यह भी पाया गया कि कई यात्री बसों की छतों पर क्षमता से अधिक भारी लगेज लोड किया जा रहा था। इससे बसों का संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है। जो सड़क हादसों को न्योता देता है। बावजूद इसके बस संचालक नियमों की अनदेखी कर केवल मुनाफे के लालच में यात्रियों की सुरक्षा से समझौता कर रहे हैं। परिवहन विभाग की जांच में सामने आया कि अनेक बसों की फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी थी। कुछ के परमिट शर्तों के अनुरूप नहीं थे। वहीं टैक्स भुगतान में भी अनियमितताएं पाई गईं। पूर्व में हुए कई सड़क हादसों की जांच में भी यह तथ्य सामने आ चुका है कि नियमों की अनदेखी और लापरवाही के चलते यात्रियों की जान खतरे में पड़ी।

बालिका को भगाने वाले नाबालिग को नग्न कर सड़क पर घुमाया

मारपीट कर मुंह किया काला, 2 आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

उज्जैन। बालिका को भगाने के मामले में जेल से रिहा होकर आए बालक को बालिका के परिजनों ने पकड़ लिया और मारपीट करने के बाद मुंह काला किया। इतना करने के बाद भी बालिका के परिजनों ने उसे नग्न किया और क्षेत्र में डेढ़ से दो किलोमीटर तक घुमाया। मामले से जुड़े दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक महिला और युवक भी हिरासत में आ गए हैं।

पंवासा थाना क्षेत्र के शंकरपुर में रहने वाला 16 वर्षीय बालक तीन माह पहले हमउम्र बालिका को प्रेम प्रसंग के चलते अपने साथ भाग कर ले गया था। कुछ दिन बाद दोनों ने थाने

पहुंचकर सरेंडर कर दिया था। मामला नाबालिग से जुदा होने पर बालिका को बालिका सुधार गृह भेज दिया गया था और बालक को बाल न्यायालय भेजा गया था जहां से उसे बाल संप्रेषण गृह में रखा गया। 3 माह बाद बाल संप्रेषण गृह से रिहा होने के बाद बालक अपनी मां के साथ देवास रहने चला गया था। लेकिन मन की तबीयत खराब होने पर वह शंकरपुर में रहने वाले अपने दोस्त के यहां रुपयों की मदद मांगने आया था। जहां बालिका के परिवार वालों ने उसे पकड़ लिया। बालक के साथ बुरी तरह कमरे में बंद कर मारपीट की गई और मुंह काला करने के बाद कपड़े फाड़कर नग्न कर दिया गया। बालिका के परिजन यही नहीं रुके उन्होंने बालक को रस्सी से बांध और क्षेत्र में डेढ़ से 2 किलोमीटर तक नग्न घुमाया। घटनाक्रम के दौरान कई लोग नग्न बालक का वीडियो बनाते रहे।

किसी ने रोकने का प्रयास नहीं किया। अपने साथ हुई घटना के बाद बालक देवास लौटा और वापस परिजनों के साथ पुलिस कंट्रोल रूम पहुंच कर मामले की शिकायत की। पंवासा थाना पुलिस में मामला सामने आने के बाद एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं शुक्रवार शाम एक महिला और एक युवक और पुलिस की हिरासत में आ गया। थाना प्रभारी गमर सिंह मंडलोई के अनुसार वीडियो सामने आने के बाद दो आरोपियों के नाम और बढ़ाए गए हैं जिसमें एक नाबालिक शामिल है दोनों की तलाश की जा रही है।

ना पति मिला ना परिजन, दफनाया गया महिला का शव

उज्जैन। चरक अस्पताल में 13 जनवरी की देर शाम लीलाबाई 40 साल को कालू भील निवासी ग्राम मोरवानी रतलाम लेकर पहुंचा था। उसने खुद को लीलाबाई का पति बताते हुए जानकारी दी कि देवास में हुई दुर्घटना में घायल हुई है। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया और कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस अस्पताल पहुंची लेकिन लीलाबाई बोल पाने की हालत में नहीं थी। पति कालू ने बताया कि रेलवे स्टेशन देवास में कार चालक ने टक्कर मारी थी। वह ट्रेन से पत्नी को उज्जैन लेकर आया है। पुलिस लीलाबाई की हालत में सुधार का इंतजार कर रही थी। लेकिन रात में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस दोबारा अस्पताल पहुंची तो पति कालू भी लापता हो गया था। पुलिस ने कालू भील द्वारा लिखाये गये पते पर संपर्क कर सूचना दी लेकिन कोई जानकारी सामने नहीं आ पाई। बुधवार दिनभर लापता पति को तलाशने के प्रयास किये गये, गुरूवार दोपहर तक कुछ पता नहीं चला। एसआई हर्षिता सावरियां ने बताया कि परिजनों और पति की जानकारी नहीं मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराकर लाश को दफनाने की प्रक्रिया पूरी की गई है। मृतक महिला को दुर्घटना में मामूली चोंट थी, लेकिन पता चला है कि वह पूर्व से किसी गंभीर बीमारी से भी ग्रस्त थी।

रिमांड पर पार्टनरशिप के नाम पर 1.85 करोड़ ठगने का आरोपी

उज्जैन। मेक रेकॉन फर्म में पार्टनरशीप का झांसा देकर महिला के साथ 1.85 करोड़ का ठगी करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश कर तीन दिन की रिमांड पर लिया गया है। आरोपी का एक साथी हरियाणा पुलिस की गिरफ्त में है।

केशवनगर में रहने वाली विजया पति प्रदीप हरेल ने नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि सिंगरौली में रहने वाले संजीव कुमार सिंह और भोपाल निवासी निशिकांत मिश्रा ने मेक रेकॉन फर्म में पार्टनरशीप के नाम पर 1 करोड़ 85 लाख 50 हजार 500 रुपये की धोखाधड़ी की है। थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद मामले में 24 दिसंबर 2025 को दोनों के खिलाफ धारा 318 (4), 316 (2), 316 (5), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। दोनों की तलाश के लिये एसआई यादवेन्द्र परिहार, भूपेन्द्र चौहान, प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, पीयूष मिश्रा, आरक्षक पुष्पराज की टीम गठित की गई थी। 21 दिन बाद गुरुवार को मामले में शामिल आरोपी संजीव कुमार पिता रामजन्म सिंह 50 साल निवासी हरयपुर थाना बेढन जिला सिंगरौली को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद सामने आया कि उसके साथी निशिकांत मिश्रा मिसरोद भोपाल को साइबर और वित्तिय धोखाधड़ी के मामले में हरियाणा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। दोनों आरोपियों ने विजया हरेल को वर्ष 2022-23 में मेक रेकॉन फर्म खोलने का झांसा देते हुए बताया था कि वह पुरानी बड़ी मशीनों को खरीदकर उन्हे नई बनायेंगे और कंपनियों को बेचेंगे। फर्म में विजया हरेल पार्टनर बनाने की बात कहीं गई थी और अलग-अलग समय में करोड़ों की राशि लेकर परिचितों और तीसरे पक्ष की कंपनी के खाते ट्रांजेक्शन कर दिया। दोनों ने कोई फर्म नहीं खोली। विजया हरेल को दोनों की करतूत का पता चला तो राशि लौटाने की बात कहीं लेकिन उन्होंने राशि लौटाने से साफ इंकार कर दिया। दोनों आरोपियों ने देश में मध्यप्रदेश के साथ हरियाणा, तेलंगाना सहित कई राज्यों में लोगों को निवेश, व्यवसाय और पार्टनरशीप का झांसा देकर ठगी को अंजाम दिया है। दोनों अंतरराज्यीय स्तर पर ठगी को अंजाम दे चुके है।

सौंपा कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

उज्जैन। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन द्वारा डॉ. भीम राव अम्बेडकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माला माल्यार्पण कर बाबा सहाब को कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया गया। मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा के आह्वान पर हेमराज घावरी जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन के नेतृत्व मे प्रदेश के सम्पूर्ण 55 जिलों में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल एवं मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की 15 सुत्रिय लंबित मांगो के समर्थन मे स्पीड पोस्ट के द्वारा ज्ञापन दिया गया। भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माला माल्यार्पण करके बाबा साहब को 15 सूत्रिय मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया और बाबा साहब के संविधान के अनुसार कर्मचारियों द्वारा मांगो का शीघ्र अति शीघ्र निराकरण करने की प्रदेश सरकार से गुहार लगाई है। इस अवसर पर प्रेमचंद नहार प्रदेश संगठन सचिव, हेमराज घावरी जिला अध्यक्ष, दशरथ सीहोते जिला उपाध्यक्ष, मुकेश रायकवार जिला सचिव, विष्णु प्रसाद गोसर जिला कोषाध्यक्ष, रामचन्द्र बाथम, भैरुलाल मालवीय, चंद्रशेखर निम्बालकर, रमेश धानक, बेगम बाई मालवीय, वीमला शखवार, भैरुलाल मालवीय आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के भाई और भतीजे का जन्मदिन सादगी से मनाया

उज्जैन। चिंतामण रोड स्थित होटल में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े भाई, नारायण यादव एवं उनके भतीजे अभय यादव का जन्मदिन उत्साह, सादगी और मानवीय संवेदनाओं के साथ मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर रोहित मित्र मंडल ने केक कटिंग कर नारायण यादव एवं अभय यादव का फूलों की माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उपस्थितजनों ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। रोहित मित्तल ने बताया कि जब वे जन्मदिन कार्यक्रम

में पहुंचे, तो वहां का वातावरण अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक था। जन्मदिन पर अभय यादव ने खाचरौद की स्नेह संस्था के 120 एवं इंदौर की सिद्धिविनायक संस्था के 60 दिव्यांगजनों को उज्जैन लाकर ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन कराए गए। सभी ने नारायण यादव एवं अभय यादव के इस कार्य को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। नीलेश यादव (कल्लू यादव), रवि सोलंकी, राजेश मेवाड़ (कालू माली), दीपक जायसवाल, विकास यादव, अशोक जैन (मुन्ना सरकार), अजय राय आदि लोग उपस्थित थे।

क्षिप्रा विहार कॉलोनी के मकान की पहली मंजिल पर चल रहा था जुआघर, दबिश में 15 गिरफ्तार

उज्जैन। देवासरोड पर गुरुवार शुक्रवार रात एक मकान में जुआघर चलाया जा रहा था। क्राइम ब्रांच को खबर मिली तो नागझिरी थाना पुलिस के साथ दबिश दी गई। 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया और मौके से 70 हजार रुपए नगद बरामद किए गए। क्राइम ब्रांच में सभी के मोबाइल भी जब्त किए हैं।

नागझरी थाना क्षेत्र की क्षिप्रा विहार कॉलोनी में अब्दुल मजीद उर्फ बबलू के मकान में जुआघर संचालित होने की खबर क्राइम ब्रांच टीम को मिली थी। रात में क्राइम टीम द्वारा नागझिरी थाना पुलिस के साथ मकान की घेराबंदी कर दबिश से दी गई। मकान की पहली मंजिल से 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से ताश के पत्ते और 70 हजार 460 रुपए की नगद राशि बरामद की। क्राइम ब्रांच ने 14 मोबाइल भी जब्त

किये। सभी को नागझिरी थाने लाया गया जहां पूछताछ में उनके नाम इरफान पिता इकबाल खान निवासी तोपखाना, इमरान पिता उस्मान खान निवासी दानीगेट, अब्बु बकर पिता अब्दुल हकीम तोपखाना, लियाकत पिता बाबू खान खंदार मोहल्ला, बबलू उर्फ अब्दुल मजीद पिता अब्दुल हकीम मूल निवासी खंदार मोहल्ला हाल मुकाम क्षिप्रा विहार कॉलोनी, भूरा उर्फ कमर हुसैन पिता केसर हुसैन , निवासी जांसापुरा, आरिफ पिता अब्दुल रऊफ नलियाबाखल, मोहम्मद अकील पिता उमर इशाक आगर नाका, यादव कॉलोनी, जावेद पिता अब्दुल सलाम शेख खंदार मोहल्ला, मोहम्मद शादाब पिता इकबाल खान तोपखाना, शादाब पिता शहजाद खान जांसापुरा, इमरान पिता अब्दुल वहीद अहिल्या मार्ग, महाराजवाड़ा के पास, इरशाद पिता सफदर हुसैन विराट नगर, इरफान पिता गामा 40 क्वार्टर, जांसापुरा और इकबाल पिता गफ्फार निवासी हेलावाडी होना सामने आये। सभी आरोपियों के खिलाफ पब्लिक गैंबलिंग एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया।

एक नजर में

अखाड़ा अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने ली थी आपत्ति, पुजारियों ने उठाए सवाल

महाकाल के गर्भगृह में प्रवेश को लेकर अखाड़ा परिषद और पुजारी संगठन फिर आमने-सामने

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाकाल मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने मुख्यमंत्री, कलेक्टर व प्रशासक को पत्र लिखकर मांग की थी कि गर्भगृह में व्यवस्था बनाने के लिए केवल एक ही शासकीय पुजारी घनश्याम शर्मा को जाने दिया जाए। अन्य पुजारी व उनके प्रतिनिधियों को रोका जाना चाहिए।

इस पर महाकाल विद्वत परिषद और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने पुजारियों के समर्थन में पत्र जारी कर कहा कि मंदिर समिति नियम तोड़ने वाले साधु-संतों से भी पालन करवाए। महंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा थी कि मंदिर में नियुक्त पुजारियों के प्रतिनिधियों की संख्या की लिखित जानकारी अखाड़ा परिषद को दे। उनका तर्क था कि प्रतिनिधियों के प्रवेश से गर्भगृह में अव्यवस्था फैलती है तथा बाहर खड़े श्रद्धालुओं के आम दर्शन में बाधा होती है। इस पर विद्वत परिषद ने अखाड़ा परिषद अध्यक्ष पद को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या केंद्र या राज्य सरकार ने अखाड़ा परिषद अध्यक्ष होने का कोई प्रमाण पत्र रवींद्र पुरी महाराज से लिया है। प्रशासन इसकी जांच करें। क्योंकि 3 अखाड़ा रामा दल परिषद से बाहर होने से यह अधूरी है।

क्रिकेटर गौतम गंभीर, केएल राहुल व अभिनेता जोशी पहुंचे महाकाल

18 को भारत-न्यूजीलैंड के इंदौर में होने वाले मैच से पहले कोच गौतम गंभीर, खिलाड़ी केएल राहुल ने महाकाल के दर्शन किए। गौतम और बैटिंग कोच शीतांशु कोटक भस्मारती में शामिल हुए। तीनों ने भगवान महाकाल से टीम की जीत के लिए प्रार्थना की। फिल्म एवं टीवी सीरियल अभिनेता दिलीप जोशी ने भी महाकाल दर्शन किए। इधरमकर संक्रांति पर गौरखपुर के भक्त अनिल ने महाकाल मंदिर पुरोहित पंडित नवनीत शर्मा व पंडित रूपम की प्रेरणा से 684 ग्राम चांदी से बना मुकुट दान किया।

विश्वात्मानंद सरस्वती महाराज कल आएंगे

अटल पीठाधीश्वर राजगुरु आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती महाराज कल 18 जनवरी को उज्जैन आएंगे। समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि रविवार सुबह प्रातः 7 बजे स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती महाराज बाबा महाकाल के दर्शन करेंगे। तत्पश्चात मंगलम निवास बी 26/12 बसंत विहार उज्जैन में भक्तों से मुलाकात एवं दर्शन के पश्चात सोनकच्छ में आयोजित हिंदू सम्मेलन को संबोधित करने हेतु प्रस्थान करेंगे। अजीत मंगलम ने बताया कि महाराजश्री प्रयागराज से वायुयान द्वारा उज्जैन पहुंचेंगे। उज्जैन में दर्शन, भक्तों को आशीर्वाद प्रदान कर सोनकच्छ हिंदू सम्मेलन को संबोधित करने जाएंगे। स्वामी के कृपा पात्र भक्त अजीत मंगलम, विनोद लाला, शैलेंद्र मित्तल ने सभी भक्तों से महाराजश्री के दर्शन लाभ लेने का अनुरोध किया है।

भाजपा ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

उज्जैन। महाराष्ट्र के महानगर पालिका सहित पूरे प्रदेश में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन व उज्जैन उत्तर विधानसभा के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर मनाया। इस अवसर पर उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि यह देश में भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों में बढ़ रहे विश्वास का प्रतीक है। महाराष्ट्र में प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की नगर निगम में जीत से जनता ने जिस प्रकार से विश्वास व्यक्त किया है। यह मोदी जी पर देश की जनता के विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल व निगम सभापति कलावती यादव ने भी भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम में जगदीश पांचाल, आनंद सिंह खींची, कमल बैरवा, ओम जैन, अशोक केथवास, दिनेश जाटवा, प्रमिला यादव, कल्याण शिवहरे, अनिल शिंदे, सुहास वैद्य, सुभाष डोडिया, प्रियंका सेंगर सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे। जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी।